दिनांक 28/10/2019

प्रति,

प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय पी.जी.महा.धमतरी

विषय :– मनोविज्ञान विभाग में परिचर्चा हेतु अनुमति बाबत्।

महोदय,

****

विषयांतर्गत निवेदन है कि मनोविज्ञान विभाग में दिनांक 31.10.2019 को प्रातः 11:00 बजे परिचर्चा का आयोजन किया जाना है, कृपया अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

Panchangam
(श्रीमती जयश्री पंचांगम)
सहायक प्राध्यापक ,मनोविज्ञान विभाग
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी (छ.ग.)

HC permitted
28.10.19

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.in
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
NAAC GRADE-'B'
दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 01.11.2019


# :: प्रतिवेदन ::


## नशा मुक्त समाज की रचना

बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में दिनांक 31.10.2019 को प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के मार्गदर्शन में "नशा मुक्त समाज की रचना" विषय में परिचर्चा का आयोजन मनोविज्ञान विभाग में किया गया, इसमें मुख्य वक्ता के रूप में गृहविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक प्रो. रीता लकरा एवं विधि विभाग की डॉ. सपना ताम्रकार के द्वारा विद्यार्थियों को नशे में होने वाले मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक , नैतिक आदि सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। प्रो. रीता लकरा ने बताया कि स्वस्थ शरीर पर स्वस्थ मन का निवास होता है और वही सृजनात्मक कार्य कर सकता है आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता के दौर पर नशा करना फैशन मानकर शरीर का नाश करते चले जा रहे हैं। डॉ. सपना ताम्रकार ने बताया कि सबसे ज्यादा अपराध नशे के कारण होते है घरेलु हिंसा, सामाजिक नैतिक पतन एवं अनेक धाराओं से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को एक अच्छे समाज की रचना की प्रेरणा दी। आभार व्यक्त करते हुए मनोविज्ञान की सहायक प्राध्यापक श्रीमती जयश्री पंचांगम ने बताया कि नशा सभी का नाश करती हैं। यह शरीर, मन, स्वास्थ्य, परिवार, समाज, देश एवं प्रगति पर सबसे बड़ी बाधा होती है तथा विद्यार्थियों को बताया कि जिनके घरों में नशा करते है वे अपने–अपने घरों को नशा मुक्त करने का संकल्प लें तभी यह कार्यक्रम सफल होगी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मनोविज्ञान की सहायक प्राध्यापक श्रीमती जयश्री पंचांगत के द्वारा किया गया उक्त अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थें।

Panchangam

(जयश्री पंचांगम )
सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी (छ.ग.)


महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
मनोविज्ञान विभा


मनोविज्ञान विभाग


बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
मनोविज्ञान विभाग

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.in
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

**NAAC GRADE-'B'**

दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 31/10/2019

# :: प्रेस विज्ञप्ति ::

बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में दिनांक 31.10.2019 को प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे के मार्गदर्शन में ''नशा मुक्त समाज की रचना'' विषय में परिचर्चा का आयोजन मनोविज्ञान विभाग में किया गया। नशा घर परिवार सभी को नष्ट कर देता है। जिससे मानसिक स्वास्थ्य भी बिगड़ते जाता है और व्यक्ति निराशा व उदासी के कारण आत्महत्या की ओर बढ़ने लगता है इसे स्वस्थ्य कैसे बनाये रखे इस पर मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती जयश्री पंचागम के व्दारा व्याख्यान दिया तथा गृहविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक प्रो.रीता लकरा के व्दारा शरीर ,स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर नशे के कारण पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तारर से जानकारी दी। विधि विभाग के डॉ.सपना ताम्रकार के व्दारा नशा करने पर होने वाले अपराधों में लगने वाले धाराओं पर चर्चा कर छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थि थे।